आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 18.11.2024 समय : 1905

- राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र अभियान तीन दशमलव शून्य की शुरूआत की गई है।
- भारतीय स्टेट बैंक से जुड़े पेंशनभोगियों को इस महीने की तीस तारीख तक जीवन प्रमाणपत्र जमा करने को कहा गया है।
- आयुष्मान वय वंदना कार्ड ने सत्तर वर्ष और उससे अधिक आयु वर्ग के दस लाख से अधिक वरिष्ठ नागरिकों को नामांकित करके एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।
- राष्ट्रीय युवा महोत्सव अगले वर्ष ग्यारह और बारह जनवरी को विकसित भारत युवा नेताओं के संवाद के रूप में मनाया जाएगा।
- नेहरू युवा केंद्र, कमोर्टा द्वारा पच्चीस नवम्बर को एक दिवसीय युवा उत्सव और युवा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><>

भारतीय स्टेट बैंक से जुड़े पेंशनभोगियों को इस महीने की तीस तारीख तक जीवन प्रमाणपत्र जमा करने को कहा गया है। आज श्री विजयपुरम के बैंक परिसर में पेंशनभोगियों के लिए भारत सरकार द्वारा शुरू की गई राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र अभियान तीन दशमलव शून्य के बारे में जानकारी देते हुए भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक सिद्धार्थ गुप्ता ने बताया कि इस सुविधा के तहत बैंक परिसर में पेंशनभोगियों के लिए फेस ऑथिंटिकेशन का काम किया जा रहा है और इसके लिए कर्मचारी तैनात किए गए हैं।

बैंक के मुख्य प्रबंधक दीपांकर सुबा ने बताया कि बैंक आने में असमर्थ पेंशनाभोगियों के लिए बैंक के अधिकारी उनके घरों में जाकर भी इस कार्य को अंजाम देंगे, ताकि निर्धारित समय से पहले सभी पेंशनभोगियों के लिए शुरू किया गया कार्य पूरा हो सके।

<><><><><><><>

आयुष्मान वय वंदना कार्ड ने सत्तर वर्ष और उससे अधिक आयु के दस लाख से अधिक वरिष्ठ नागरिकों को नामांकित करके एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यह कार्ड वृद्ध नागरिकों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत निःशुल्क स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करने में सक्षम बनाता है। स्वास्थ्य और

परिवार कल्याण मंत्रालय ने कहा कि यह उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उनतीस अक्तूबर को लॉन्च किए जाने के तीन सप्ताह के भीतर हासिल की गई है। आयुष्मान वय वंदना कार्ड के तहत अब तक नौ करोड़ रूपये खर्च किये गए हैं, जिसमें सत्तर वर्ष और उससे अधिक आयु के चार हजार आठ सौ से अधिक वरिष्ठ नागरिकों को लाभ हुआ है, जिनमें एक हजार चार सौ से अधिक महिलाएँ शामिल हैं। इस कार्ड के तहत कई गंभीर बीमारियों में इलाज की सुविधा मिलती है। इस वर्ष सितंबर में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पीएम– जन आरोग्य योजना के एक महत्वपूर्ण विस्तार को मंजूरी दी थी, जो सत्तर वर्ष और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए है। इस कदम का उद्देश्य चार दशमलव पांच करोड़ परिवारों के लगभग छः करोड़ वरिष्ठ नागरिकों को लाभ पहुंचाना है। योजना के लाभों तक पहुंचने के लिए आयुष्मान भारत पीएम– जन आरोग्य योजना के तहत एक नया और अलग कार्ड प्राप्त होगा।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान ज़िला उपायुक्त अर्जुन शर्मा ने हाल ही में सीनियर सेकेण्डरी स्कूल मोहनपुरा का दौरा किया। इस अवसर पर शिक्षा निदेशक विक्रम सिंह भी उपस्थित थे। दौरे के दौरान उन्होंने स्कूल मैदान के विकास पर चर्चा की। ज़िला उपायुक्त ने स्कूल के प्रवेश द्वार को नया बनाने और स्कूल कैंटीन के समीप एक नया गेट बनाने का भी निर्देश दिया। ज़िला उपायुक्त और शिक्षा निदेशक ने वार्ड नम्बर चार के पार्षद अब्दुल इस्लाम को मैदान का विकासीय कार्य पूरा होने के बाद एक क्रिकेट टूर्नामेंट के आयोजन का आश्वासन दिया। स्कूल की प्रधानाचार्या एस भवानी ने स्कूल की संरचना और स्कूल से जुड़े अन्य मुद्दों को भी उनके समक्ष उठाया।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय युवा महोत्सव अगले वर्ष ग्यारह और बारह जनवरी को विकसित भारत युवा नेताओं के संवाद के रूप में मनाया जाएगा। केंद्रीय युवा कार्य और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया आज नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह मंच देश की युवा शक्ति को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष बातचीत करने और अपना दृष्टिकोण प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करेगा। श्री मांडविया ने कहा कि इस संवाद का उद्देश्य देश भर के युवाओं में प्रतिभा की पहचान करना और उन्हें विकसित करना है, साथ ही उन्हें विकसित भारत के लिए अपने दृष्टिकोण को साझा करने के उद्देश्य से एक प्रभावी मंच प्रदान करना है।

<><><><><><><>

नेहरू युवा केंद्र, कमोर्टा ननकौड़ी प्रशासन के सहयोग से पच्चीस नवम्बर को एक दिवसीय युवा उत्सव और युवा महोत्सव का आयोजन करेगा। यह कार्यक्रम कमोर्टा के इंदिरा पार्क और माध्यमिक विद्यालय में आयोजित किया जाएगा। पंच प्रण विषय पर आधारित इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को ज़िला स्तर से लेकर राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल करके देशभक्ति और भारत के स्वतंत्रता संग्राम के मूल्यों की भावना को जगाना है। इस अवसर पर समूह और व्यक्तिगत श्रेणी के लिए विज्ञान मेला प्रदर्शनी, चित्रकला, कविता, मोबाइल फोटोग्राफी, भाषण, समूह लोक नृत्य, एकल लोक नृत्य, समूह लोक गीत, एकल लोक गीत, कहानी लेखन और हस्तशिल्प प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इस उत्सव में पन्द्रह से उनतीस वर्ष आयु वर्ग के युवा शामिल होंगे। प्रतियोगिता में पहले तीन स्थान पाने वाले विजेताओं को नकद राशि के साथ प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाएगा।

<><><><><><><>

आकाशवाणी के श्री विजयपुरम केन्द्र से कल लाईव फोन–इन कार्यक्रम हैलो डॉक्टर का विशेष अंक प्रसारित किया जाएगा। कार्यक्रम का विषय रहेगा–राष्ट्रीय नवजात सप्ताह। कार्यक्रम में विशेषज्ञ डॉ. रघु श्रोताओं से संवाद करेंगे। श्रोता फोन संख्या दो तीन दो पांच पांच आठ और दो तीन दो तीन तीन छः पर डायल कर अपने प्रश्न पूछ सकते हैं। कार्यक्रम कल शाम साढ़े छः बजे से सुना जा सकता है।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के अंतर्गत गेनेगिल्स हेल्थ सिटी, चेन्नई और गुरू की रसोई द्वारा जी बी पंत अस्पताल में हाल ही में विशेषज्ञ परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि दक्षिण अंडमान ज़िला उपायुक्त अर्जुन शर्मा ने किया। शिविर में हृदय रोग, गुर्दा रोग और कैंसर रोग विशेषज्ञों ने अपनी सेवाएं प्रदान की। इसमें लगभग एक सौ चालीस से अधिक मरीजों की जांच की गई। जी बी पंत अस्पताल में मरीजों की सुविधा के लिए इस तरह की विशेषज्ञ शिविर प्रति माह आयोजित की जाएगी। शिविर में शिक्षा निदेशक विक्रम सिंह, स्वास्थ्य सेवा निदेशक डॉ. सूजा एन्टॉनी, गेनेगिल्स हेल्थ सिटी, चेन्नई के मुख्य संचालन अधिकारी डॉ. विवेक लाल और गुरू की रसोई के अध्यक्ष मंदीप ग्रेवाल भी उपस्थित थे।

<><><><><><><>

ग्राम पंचायत विम्बर्लीगंज की ग्राम सभा की बैठक कल दोपहर दो बजे क्षेत्र के पंचायत हॉल में होगी। इसमें अगले वर्ष के ग्राम पंचायत के विकासीय योजनाओं पर चर्चा की जाएगी। सभी संबंधित विभागाध्यक्षों से इसमें शामिल होने को कहा गया है।

<><><><><><><>